हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 21 नवंबर 2025

04 मृत व्यक्ति के खाते से भी ट्रांजेक्शन पुलिस ने...



08 दूधकच्छ कला के स्कूल में जनशिक्षक की लापरवाही...





## खबर संक्षेप

### ई ऑफिस प्रणाली का दिया गया प्रशिक्षण



**माखननगर।** जनपद पंचायत माखननगर एवं तहसील कार्यालय में बुधवार को बुधवार को ई -ऑफिस कार्यप्रणाली के निरीक्षण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। निरीक्षण दल में मनीष गुणगान, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना केंद्र संदीप चौरसिया, जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक प्रज्वल शुक्ला, प्रशिक्षक, ई-दक्ष केंद्र निरीक्षण के दौरान संबंधित कार्यालयों में ई-ऑफिस के वर्तमान उपयोग, प्रक्रियात्मक प्रगति तथा सुधार के बिंदुओं का विस्तृत अवलोकन किया गया। टीम द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ई-ऑफिस के प्रभावी उपयोग, फ़ाइल प्रबंधन, ड्राफ्ट निर्माण, डायरी/डिस्पैच, संदर्भ संलग्न करने, पार्किंग/अनपार्किंग, तथा अन्य महत्वपूर्ण मॉड्यूल्स की कार्यप्रणाली का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### कॉलेज में आयोजित हुआ काउंसलिंग शिविर

**नर्मदापुरम।** जिला रोजगार कार्यालय नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में शासकीय भगवान बिरसा मुंडा महाविद्यालय सुखतवा में कैरियर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला रोजगार कार्यालय की परामर्शदाता श्रीमती योगिता साहू, डॉ मयंक तोमर एवं श्रीमती शिवानी नागले ने स्वरोजगार, सरकारी नौकरी की तैयारी, कैरियर चयन एवं सफलता प्राप्त करने के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी प्रदान की।

### राष्ट्रीय दत्तक ग्रहण जागरूकता माह जारी

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्शन में संचालनालय महिला एवं बाल विकास मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार माह नवंबर को राष्ट्रीय दत्तक ग्रहण जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। दत्तक ग्रहण के प्रति जागरूकता हेतु एवं भारत सरकार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा अधिकृत केंद्रीय दत्तक ग्रहण साधन प्राधिकरण के माध्यम से बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया, देश के भीतर एवं अंतर्देशीय दत्तक ग्रहण के बारे में जन जागरूकता हेतु प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

## हरी झंडी दिखाकर हेलीकॉप्टर को किया रवाना

# भोपाल से पचमढ़ी तक का सफर हुआ आसान, पर्यटकों के लिए पीएम श्री हेलीकॉप्टर वायु सेवा शुरू, अब 1 घंटे में भोपाल से पहुंचेंगे पचमढ़ी

**सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के जंगलों एवं प्राकृति का हवाई मार्ग से भी अनुभव कर सकेंगे। इससे पर्यटन भी बढ़ेगा**

◆ पर्यटकों का सफर आसान बनाने के लिए एवं उन्हें त्वरित गति से पर्यटन स्थलों पर त्वरित गति से पहुंचाने के लिए गुरुवार को हेलीकॉप्टर वायु सेवा का मढ़ई में शुभारंभ हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्य प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी के लिए आज का दिन ऐतिहासिक रहा, जब बहुप्रतीक्षित 'पीएम श्री हेलीकॉप्टर सेवा' का औपचारिक शुभारंभ हुआ। इस सेवा के तहत पहली उड़ान लेकर हेलीकॉप्टर जैसे ही पचमढ़ी पहुंचा, पूरा शहर हर्ष और उल्लास में डूब गया। नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर और जयकारे लगाकर इस नई सौगात का भव्य स्वागत किया।

### प्रथम यात्रा का अनुभव किया साझा

पहले हेलीकॉप्टर में नर्मदापुरम के सांसद दर्शन सिंह चौधरी, पिपरिया के विधायक ठाकुरदास रघुवंशी, सोहागपुर के विधायक विजयपाल सिंह सहित मंत्रिमंडल और अन्य गणमान्य व्यक्ति सवार थे। जैसे ही हेलीकॉप्टर ने लैंडिंग की, स्वागत के लिए उपस्थित शहर के नागरिकगणों और स्थानीय प्रशासन ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका अभिनंदन किया। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा, ₹सड़क मार्ग से जहां 6 घंटे का समय लगता था, वहीं आज हमने यह दूरी महज 35 मिनट में तय कर ली। यह सेवा पचमढ़ी के पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए वरदान साबित होगी। विधायक ठाकुरदास रघुवंशी ने इसे 'समय की बचत और सुविधा का अनुपम संगम' बताया। उन्होंने कहा, ₹यह सिर्फ एक हेलीकॉप्टर सेवा नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र के विकास का 'उड़ान पत्र' है।



### हेलीकॉप्टर देखने के लिए उमडा जनसमूह

हेलीकॉप्टर प्रातः 10:40 बजे भोपाल से चलकर पर्यटन स्थल मढई पहुंचा, यहां पर पहले से ही उपस्थित अपार जनसमूह, उत्साही बच्चों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं ग्रामीण जनों ने उत्साह से पीएम श्री हेलीकॉप्टर का अवलोकन किया। सभी लोगों ने पीएम श्री हेलीकॉप्टर के पास पहुंचकर फोटो खिंचवा कर एवं अंदर भी उसका अवलोकन किया।

### पर्यटन को मिलेगा बड़ा बूस्ट

'पीएम श्री हेलीकॉप्टर सेवा' भोपाल-पचमढ़ी-मढ़ई सेक्टर को जोड़ेगी। इस सेवा के शुरू होने से न सिर्फ पर्यटकों के समय की बचत होगी, बल्कि पचमढ़ी में सालभर सैलानियों की आवाजाही बढ़ने की उम्मीद है। स्थानीय व्यापारियों और गाइडों में भी इस सेवा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रदेश के प्रसिद्ध हिल स्टेशन पचमढ़ी में शुरू हुई 'पीएम श्री हेलीकॉप्टर सेवा' को पर्यटन जगत के जानकारों ने एक दूरगामी कदम बताया है। इस संदर्भ में, पचमढ़ी के प्रतिष्ठित पर्यटन विशेषज्ञ, आनंद धूत ने इस योजना की जमकर तारीफ की है।

### हेलीकॉप्टर के पायलट को मिठाई खिलाकर किया अभिनंदन



**सोहागपुर।** गुरुवार से पीएम श्री हेलीकॉप्टर पर्यटन सेवा प्रारंभ हुई है। सुबह 10:30 बजे हेलीकॉप्टर भोपाल से मढ़ई पहुंचा। जहां सांसदद्वय माया नरोलिया व दर्शन सिंह चौधरी, विधायकद्वय विजयपाल सिंह तथा ठाकुरदास नागवंशी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला व भाजपा नेताओं ने हेलीकॉप्टर के पायलट तथा को पायलट का मिठाई खिलाकर अभिवादन किया। विधायक विजयपाल सिंह ने बताया कि पर्यटन विकास के लिए सेवा सतत जारी रहेगी। सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज के नेतृत्व में स्थानीय भाजपाईयों ने विधायक का फूलमालाएं पहनाकर अभिनंदन किया।

## बाघ की खाल व मूंछ सहित धनवर्षा के लिए पूजा करते पकड़ाए थे आरोपी

# बाघ के शिकार मामले में न्यायालय का फैसला, सभी दोषियों को सजा

दिसंबर 2018 में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से लगे क्षेत्र में रिजर्व टीम ने चार आरोपियों को बाघ की खाल व मूंछ के बाल के साथ धनवर्षा के लिए पूजा करते पकड़ा था। इस मामले में कालांतर में कुल नौ आरोपी पकड़े गए थे। जिन्हें मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नर्मदापुरम ने सश्रम कारावास तथा अर्थदंड की सजा सुनाई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

जानकारी अनुसार प्रकरण जनवरी 2019 को फाइल किया गया था। जिसमें अभियोजन मध्य प्रदेश राज्य द्वारा सतपुड़ा टाइगर रिजर्व होशंगाबाद था। वहीं मामले में कुल नौ आरोपी पकड़े गए थे। अभियोजन पक्ष से सात साक्षियों ने बयान दिए थे। मामले में जांच अधिकारी रहे तत्कालीन एसटीआर असिस्टेंट डायरेक्टर आरएस भदौरिया से हरिभूमि प्रतिनिधि ने चर्चा की। भदौरिया ने बताया कि नौ आरोपियों हेमंत कुमार उर्फ बब्लू, ओमप्रकाश, जयप्रकाश, चमन, फुंदन, इंदर, मानक, सीताराम तथा अर्जुन उर्फ डब्ल्यू के खिलाफ वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 51(1) के अंतर्गत अपराध पंजीकृत किया गया था। इधर प्राप्त जानकारी अनुसार सभी दोषियों को न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सजा सुनाई है।




### यूं हुई थी धरपकड़

प्रकरण की जानकारी अनुसार तीन दिसंबर 2018 को असिस्टेंट डायरेक्टर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व आरएस भदौरिया को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम कामती में बालिका छात्रावास के पास जामन बट्टी के खेत में बने टप्पर के पास धन वर्षा के लिए बाघ की खाल एवं बाघ की मूंछ के तीन नग बाल के साथ पूजन पाठ किया जा रहा है। कार्रवाई में हेमंत कुमार उर्फ बबलू बट्टी, ओमप्रकाश, जयप्रकाश, चमन को पकड़ा गया। संयुक्त कार्रवाई दल में एसटीआर असिस्टेंट डायरेक्टर सहित क्षेत्रीय टाइगर स्ट्राइक फोर्स होशंगाबाद के पिपरिया प्रभारी अधिकारी, बागड़ा बफर परिक्षेत्र अधिकारी व कामती के कर्मचारी सम्मिलित थे। विवेचना दौरान हेमंत उर्फ बबलू बट्टी ने बताया था कि उसके घर के पूजा वाले स्थान पर बाघ के पंजे एवं नाखून रखे हैं। जिनकी जप्ती चार दिसंबर 2018 को की गई थी। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर चार दिसंबर 2018 को न्यायालय में पेश कर तीन दिन का रिमांड लिया गया था।

### सुनाई यह सजा

मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नर्मदापुरम फिरोज अख्तर ने सभी आरोपियों को वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 51(1) के अंतर्गत चार-चार वर्ष के सश्रम कारावास व 25-25 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

### इनका कहना है



मुखबिर की सूचना पर दिसंबर 2018 में चार आरोपी पकड़े तो बाघ के शिकार मामले का खुलासा हुआ था। सेवानिवृत्ति के बाद भी मैं बयान देने कोर्ट में गया तथा आरोपियों को सजा दिलाई है।

**आरएस भदौरिया, सेवानिवृत्ति डिप्टी कंज़र्वेटर ऑफ़ फारेस्ट, भोपाल**

### छिंदवाड़ा पहुंचा दल

प्रकरण की विवेचना में हेमंत उर्फ बबलू बट्टी के बयानों पर ग्राम बरूठ तहसील जुन्नारदेव जिला छिंदवाड़ा से फुंदन, इंदर, मानक, सीताराम को पकड़ा गया था। पूछताछ से मानक व इंदर ने बताया था कि ग्राम बरूठ से लगे कक्ष क्रमांक पीएफ 237 में अजगरपानी से बाघ की खाल, पंजे व मूंछ के बालों को मानक की कुल्हाड़ी से निकाला था। प्रकरण में एक आरोपी अर्जुन उर्फ डब्ल्यू फरार था जिसे एक जनवरी 2019 को गिरफ्तार कर दो जनवरी 2019 को न्यायालय में पेश किया गया था। वहीं विचारण दौरान साक्षियों के न्यायालय में बयान से स्पष्ट हुआ था कि हेमंत ने बाघ की खाल का टुकड़ा एवं बाघ की मूंछ ग्राम बरूठ तहसील जुन्नारदेव जिला छिंदवाड़ा निवासी उसके मामा फुंदन से ली थी। फुंदन ने जांच टीम को बताया कि बाघ का शिकार मानक एवं इंदर ने किया था। मानक का बयान था कि बाघ ने उसकी गाय मार दी थी, अतः मानक ने मृत गाय पर जहर डाला और बाघ मारा था। मानक व इंदर ने कुल्हाड़ी से बाघ की खाल उतारी थी।

## नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु हुई समीक्षा बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा 13 दिसंबर 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन करने का निर्देश दिया गया है। यह लोक अदालत वर्ष 2025 की अंतिम नेशनल लोक अदालत होगी जो तहसील स्तर के न्यायालयों, सहित सर्वोच्च न्यायालय तक संपूर्ण भारत में आयोजित की जाएगी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष, प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश तृप्ति शर्मा की अध्यक्षता में एवं न्यायाधीश, सचिव विजय कुमार पाठक की उपस्थिति में गुरूवार 20 नवम्बर 2025 को वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु तैयारियों के संबंध में विद्युत विभाग, नगर पालिका, बी.एस.एन.एल. एवं शासकीय, अशासकीय बैंक के अधिकारीगण के साथ प्रीसिटिंग बैठक का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं बैंकों के शाखा प्रबंधकों को आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में प्रीलिटिगेशन प्रकरणों को रखने एवं निराकरण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के सचिव विजय कुमार पाठक द्वारा बताया गया कि इस नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित विभिन्न प्रकृति के राजीनामा योग्य प्रकरण रखे जायेंगें तथा आपसी समझौते एवं सुलह के आधार पर निपटाये जायेंगे।

इस नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक मामलें, विद्युत चोरी, चैक बाउंस, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक, सिविल, भू-अर्जन आदि के मामलें रखे जायेंगें, साथ ही ऐसे प्रकरण जो न्यायालय में नहीं पहुंचे है, उन्हें भी प्रीलिटिगेशन के तौर पर इस लोक अदालत में निपटाया जायेगा, जिनमें जलकर, संपत्तिकर, बैंक ऋण वसूली, टेलीफोन बिल बकाया, विद्युत बिल बकाया आदि के मामले रखे जायेगें, जिनमें संबंधित विभागों द्वारा अधिभार में छूट भी प्रदान की जायेगी।

## सीएमएचओ ने की समीक्षा बैठक में लक्ष्य पूर्ति के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सीएमएचओ नरसिंह गहलोत की अध्यक्षता में गुरवार को जिला टीम ने सोहागपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भ्रमण किया। इस दौरान स्व. नवीन साहू स्मृति सभा कक्ष में समीक्षा बैठक की गई। जिसमें जिला स्तर से समस्त अधिकारी ब्लॉक सोहागपुर में उपस्थित हुए। जिन्होंने सीएचओ, एएनएम, आशा सुपरवाइजर को दिये कार्यों प्रगति की




समीक्षा की। इस दौरान प्रत्येक राष्ट्रीय कार्यक्रम की क्रमवार समीक्षा की गई। कम उपलब्धि वाले कर्मचारियों को एक सप्ताह में 100 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने के लिए निर्देश दिये। काम नहीं करने वाले कर्मचारियों का वेतन काटने के लिए बीएमओ को निर्देशित किया गया है। इस दौरान सोहागपुर बीएमओ डॉ. रेखासिंह गौर सहित स्थानीय चिकित्सक व कर्मचारी उपस्थित थे।

### अपर कलेक्टर ने बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर बढ़ाया उत्साह

**नर्मदापुरम।** मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर राजीव रंजन पांडे द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण करने वाले बीएलओ को विशेष रूप से सम्मानित करते हुए पांडे ने उनके कार्य की सराहना की।

## एसआईआर को लेकर कांग्रेस ने की अहम बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

बुधवार शाम स्थानीय कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेसी बीएलए की नगर स्तरीय बैठक नवनियुक्त कांग्रेस नगर कमेटी एसआईआर अध्यक्ष नीरज चौधरी के नेतृत्व में की हगई। चौधरी ने सभी कांग्रेस नेताओं को आवश्यक जानकारी दी व आग्रह किया कि मतदाताओं को हो रही एसआईआर संबंधी परेशानियों तथा समस्याओं को निराकृत करवाने में



सहयोग करें। बैठक में नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गजेंद्र चौधरी, नगर प्रभारी नीरज चौधरी, प्रकाश मालवीय, धर्मदास बेलवंशी, देवांशु शर्मा, कार्तिक शर्मा, प्रतीक तिवारी, इरफान खान, अशोक रघुवंशी, अशोक ठाकुर, मुईन खान आदि कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने जेल निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश

# कौशल विकास प्रशिक्षण को और प्रभावी बनाने विभाग कार्ययोजना को बनाएं अधिक सुदृढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा गुरवार को केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल डिस्पेंसरी, बंदी वार्ड, जेल विद्यालय, बंदी सेल इत्यादि का अवलोकन किया गया। जेल चिकित्सक डॉ. विपिन अहिरवार ने मानसिक रोगियों, गंभीर बीमारी से ग्रसित बंदियों, मेडिकल कैंप, ई-संजीवनी तथा दवाई वितरण सहित अन्य चिकित्सा व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी कलेक्टर को प्रदान की। निरीक्षण के दौरान दंडित एवं विचाराधीन बंदियों से रहन-सहन, खान-पान एवं प्रकरण संबंधी




जानकारी ली गई, जिसमें बंदियों द्वारा किसी प्रकार की शिकायत दर्ज नहीं कराई गई। जेल विद्यालय में प्रदेश के प्रथम महिला बंदी स्वसहायता समूह अंजनी स्वसहायता समूह की सदस्यों द्वारा कलेक्टर का स्वागत किया गया। महिला एवं पुरुष बंदियों द्वारा निर्मित कपड़े के थैले, पेंटिंग, बांस का सोफा, टेडी बियर, मूर्ति गमले, दरी, नमकीन, अचार एवं मोरिंगा पाउडर सहित अन्य वस्तुओं की प्रदर्शनी का निरीक्षण कर कलेक्टर ने सराहना की। कलेक्टर ने स्वरोजगार एवं कौशल विकास प्रशिक्षण से संबंधित समीक्षा जेल विद्यालय सभागृह में बैठक के दौरान की।

## मप्र की बेटी मनीषा हुईं राष्ट्रीय बिरसा मुंडा अवॉर्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



जिला नर्मदापुरम के छोटे से गांव पांडूखेड़ी की सरल, कर्मठ और दृढ़ इच्छाशक्ति वाली युवती मनीषा धुर्वे पिता सुखराम धुर्वे ने अपनी मेहनत और पारंपरागत ज्ञान से पूरे मध्यप्रदेश को गर्व से भर दिया है। वह अपने नाना गोपाल प्रसाद उइके से मिले संस्कारों और पारंपरिक महुआ ज्ञान को नई ऊँचाई देते हुए मनीषा ने मधूवना की स्थापना की। आज उनके हाथों से बने महुआ लड्डू, च्यवनप्राश और कई पौष्टिक उत्पाद न सिर्फ गाँव की खुशबू लिए हुए हैं, बल्कि पूरे देश में स्वास्थ्य और स्वावलंबन का संदेश भी पहुँचा रहे हैं। 150वीं भगवान बिरसा मुंडा जयंती गौरव दिवस के ऐतिहासिक मंच पर, दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में निर्मल चकमा सदस्य राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग भारत , डेलिना कॉंगडुप राष्ट्रीय महिला आयोग भारत सरकार, द्वारा मनीषा को राष्ट्रीय बिरसा मुंडा अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय गौरव दिवस पर डॉ. सुनील रामटेक उप महानिदेशक, केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद दिल्ली, कृपानाथ मल्लाह माननीय लोकसभा सदस्य, रामेश्वर तेली राज्य सभा सांसद, शसीताराम सिंकू, अतिरिक्त सदस्य रेलवे बोर्ड, श्रशांतनु मडोक महाप्रबंधक, ओएनजीसी विदेश लिमिटेड, राजदीप वर्मा, डी के चौहान आदि उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### सार्वजनिक शौचालयों का ब्रांड एंबेसेडर ने किया निरीक्षण

**सारनी।** प्रदेश के नगरीय निकायों में टॉयलेट-25 अभियान के विशेष शौचालय दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्वच्छता ब्रांड एंबेसेडर ने सार्वजनिक शौचालयों का निरीक्षण किया। निकाय क्षेत्र के सारनी, पाथाखेड़ा एवं शोभापुर सेक्टर के सार्वजनिक शौचालयों में विभिन्न 25 मानकों पर शौचालयों का निरीक्षण किया गया। प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी केके भावसार ने बताया कि नगर पालिका के स्वच्छता ब्रांड एंबेसेडर एमएस कुरैशी ने शौचालयों का निरीक्षण किया। उनके साथ टीम के अन्य सदस्य मौजूद थे। शौचालयों में स्वच्छता, सेनेटरी पैड मशीन, महिला एवं पुरूषों के लिए अलग-अलग शौचालय, नवाचार समेत निर्धारित 25 बिंदुओं के आधार पर जांच की गई। इस दौरान टीम ने प्रत्येक शौचालय को बारीकी से देखा। उक्त 25 बिंदुओं में से अधिकतर बिंदुओं पर निकाय क्षेत्र के सार्वजनिक टॉयलेट खरे उतरे। जिन बिंदुओं पर कमी पाई गई, उन्हें जल्द से जल्द दुरूस्त करने के निर्देश दिए गए।

### सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में जिला स्तरीय शिविर 21 नवंबर को

**बैतूल।** राष्ट्रव्यापी अभियान आपकी पूंजी, आपका अधिकार के अंतर्गत जिले में अक्टूबर से दिसम्बर 2025 तक चल रहे आउटरीच एवं दावा सुविधा शिविरों की श्रृंखला में 21 नवंबर को सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया बैतूल शाखा में जिला स्तरीय शिविर आयोजित किया जाएगा। बैंक के एलडीएम आशुतोष सिंह ने बताया कि एसएलबीसी भोपाल के निर्देशानुसार आयोजित इस शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों के लंबित दावों का त्वरित निपटारा करना और लोगों को वित्तीय सेवाओं एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने अधिक से अधिक नागरिकों से इस शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आज

**बैतूल।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। गायत्री परिवार के रविशंकर पारखे ने बताया कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आज 21 नवम्बर शुक्रवार को दोपहर 12 से 1 बजे तक आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा में कक्षा 5 वी से कक्षा 12 वी तक के विद्यार्थी भाग लेंगे। गायत्री परिवार के जिला समन्वयक डॉ कैलाश वर्मा एवं भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रभारी जीआर चिल्हाटे ने परीक्षा प्रभारियों व तहसील समन्वयको, गायत्री परिजनों से भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा को सफल बनाने का अनुरोध किया है।

### शिव कुमार यादव का आकस्मिक निधन

**सारनी।** सतपुड़ा ताप विद्युत गृह के मुख्य अभियंता कार्यालय के अधीक्षण अभियंता क्रय एवं कार्य प्रकोष्ठ में कार्यरत शिव कुमार यादव कार्यालय सहायक का आकस्मिक निधन हुआ। स्व. सुरक्षा निधि समिति द्वारा आश्रित परिवार के नामित सदस्य श्रीमती शिवचरणी यादव को उनके बैंक के संयुक्त खाते में रुपए पछत्तर हजार की आर्थिक सहायता आरटीजीएस के माध्यम से स्थानांतरित की गई है। स्व. सुरक्षा निधि समिति के सचिव अम्बादास सूने ने बताया कि समिति के निर्णयानुसार एक फरवरी-2023 के पश्चात नियमित सदस्य के आकस्मिक निधन पर आश्रित परिवार को पछत्तर हजार रुपए की आर्थिक सहायता तत्काल प्रदान की जाती है। अंशदान के रूप में रुपये 150 प्रति सदस्य वेतन से कटौती की जाती है। समिति ने कंपनी केडर के अधिकारी एवं कर्मचारी जो अभी तक सदस्य नहीं बन पाये हैं, उनसे सदस्यता ग्रहण करने का आग्रह किया है। श्री सूने ने बताया कि स्व. सुरक्षा निधि समिति की स्थापना में संस्थापक सचिव वासुदेव गुरव सेवानिवृत्त वरिष्ठ लेखाधिकारी जबलपुर के साथ ही उनके टीम के महत्वपूर्ण योगदान को भुलाया जा नहीं सकता है। समिति द्वारा आश्रित परिवार को भुगतान पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर अम्बादास सूने, अधीक्षण अभियंता क्रय एवं कार्य कार्यालय से पंचम पंडोले आदि रहे मौजूद।

### बैंक के 7 खातों से 9.84 करोड़ की साइबर ठगी

# मृत व्यक्ति के खाते से भी ट्रांजेक्शन पुलिस ने 3 आरोपियों का पकड़ा



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल**

पुलिस और साइबर सेल ने करीब 9 करोड़ 84 लाख रुपये की एक संगठित साइबर ठगी का खुलासा किया है। साइबर लूट के इस मामले के आरोपी मृत व्यक्ति के खाते से लगातार रकम का भी लेन-देन कर रहे थे। पुलिस ने इस गिरोह के तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

गुरुवार को मामले का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन ने बताया कि बैतूल में एक मजदूरी करने वाले व्यक्ति बिसराम इवने (40) निवासी खेड़ी सावलीगढ़ (थाना कोतवाली) ने कलेक्टर और एसपी कार्यालय बैतूल में लिखित आवेदन देकर बताया था कि उसके जन-धन खाते में लगभग 2 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेन-देन दिखाई दे रहे हैं, जिनकी उसे कोई जानकारी नहीं थी। जब वह बैंक में केवायसी कराने गया, तभी उसे इन भारी-भरकम ट्रांजेक्शनों का पता चला। शिकायत की गंभीरता देखते हुए पुलिस अधीक्षक बैतूल के निर्देशानुसार साइबर सेल ने जांच प्रारंभ की। प्रारंभिक जांच में पता चला कि जून 2025 से अब तक उसके खाते से लगभग 1.5 करोड़ रुपये का अवैध ट्रांजेक्शन किया गया था। एक ही बैंक के 7 अलग-अलग खाता धारक बिसराम इवने, नर्मदा इवने, मुकेश उइके, नितेश उइके, राजेश बर्डे, अमोल और चंदन के बैंक खातों को निशाना बनाते हुए गिरोह ने 9,84,95,212 रुपये की हेराफेरी की। इन खाताधारकों में मृत व्यक्ति का नाम देखकर जांच टीम भी चौंक उठी। गिरोह ने अपने कार्य को अंजाम देने के लिए मृत व्यक्ति राजेश बरडे के खाते का भी किया इस्तेमाल किया। इसमें चौंकाने वाली बात यह रही कि मृतक राजेश बर्डे के खाते का उतनी ही सक्रियता से उपयोग किया जा रहा था, जैसे कोई जिंदा ग्राहक करता है।

#### मोबाइल नंबर बदला, जारी कराया एटीएम कार्ड

गिरोह ने खाते का मोबाइल नंबर बदला और एटीएम कार्ड जारी करवाया। इंटरनेट/मोबाइल बैंकिंग का एक्सेस लिया और ओटीपी पर कब्जा जमाया। मृत व्यक्ति के खाते से लगातार ऊंची रकम के लेनदेन किए। पुलिस ने जांच में पाया गया कि बैंक में पासबुक एंट्री करने वाला एक टेंपरेरी कर्मचारी ही इस गिरोह का मुख्य सहयोगी था। जिसकी सहायता से गिरोह के हाथ बैंक शाखा की गोपनीय ग्राहक जानकारी तक पहुँच चुके थे, जिसके जरिए पूरी वित्तीय फर्जीवाड़े की मशीनरी चलाई गई। बैंक कर्मचारी ने ग्राहक दस्तावेजों से छेड़छाड़, खातों में फर्जी मोबाइल नंबर लिंक कराना, एटीएम कार्ड जारी कराना और पासबुक/चेकबुक का अनधिकृत उपयोग जैसे कार्यों के जरिए गिरोह को खातों तक अंदरूनी पहुंच उपलब्ध कराई।

#### खातों की जानकारी भेजी जाती थी इंदौर

मुख्य अपचारी राजा राजपूत ने बैंक में काम करते हुए कई खातों की संवेदनशील जानकारी अवैध रूप से हासिल की। इसके तार जिले से बाहर बैठे साइबर अपराधियों से जुड़े पाए गए। यह खाते की पूरी किट इंदौर भेजी जाती थी। गिरोह प्रत्येक लक्षित खाते की एक किट तैयार करता था, जिसमें लिंक की गई सिम, एटीएम कार्ड, पासबुक, चेकबुक शामिल रहती थी। यह किट बस के माध्यम से इंदौर भेजी जाती थी, जहां से बाहरी फ्रॉडिस्टर बड़े ट्रांजेक्शन को अंजाम देते थे। पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण के आधार पर इंदौर में आरोपियों के दो ठिकानों पर दबिश दी और तीन लोगों को गिरफ्तार किया।

#### आरोपियों के पास से जब्त की यह सामग्री

पुलिस ने कार्यवाही के दौरान 15 मोबाइल फोन (25 सिम सहित), 21 एटीएम कार्ड, 28,000 नगद, 11 बैंक पासबुक, 7 चेकबुक, 2 पीओएस मशीन, 69 एटीएम, जमा रसीदें (21 लाख जमा), 48,000 की जमा पर्ची, 2 लैपटॉप, 1 फाइबर राउटर, 4 रजिस्टर व डायरी (रिकॉर्ड) जब्त कर राजा उर्फ आयुष चौहान (28) निवासी खेड़ी सावलीगढ़, अंकित राजपूत (32) निवासी इंदौर और नरेंद्र सिंह राजपूत (24) निवासी इंदौर को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में बैतूल पुलिस की तकनीकी दक्ष साइबर सेल टीम ने काम किया। टीम में कोतवाली टीआई नीरज पाल सहित कई अनुभवी एसआई व तकनीकी विशेषज्ञ शामिल थे।

#### गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी

पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन ने बताया कि इस जटिल साइबर ठगी को टीम ने तकनीकी दक्षता और बेहतरीन तालमेल के साथ उजागर किया। जिले के बाहर की गई कार्रवाई में भी टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। एएसपी कमला जोशी ने बताया कि जब्त डिजिटल सामग्री के विश्लेषण से गिरोह का नेटवर्क और स्पष्ट हो रहा है। जप्त उपकरणों का फॉरेंसिक विश्लेषण जारी है। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। मृतक राजेश बर्डे के खाते की पूरी ट्रांजेक्शन चेन तैयार कर रहे है।

**तलाश की जा रही है**

*इस जटिल साइबर ठगी को टीम ने तकनीकी दक्षता और बेहतरीन तालमेल के साथ उजागर किया। जिले के बाहर की गई कार्यवाही में भी टीम ने शानदार प्रोफेशनलिज्म का प्रदर्शन किया है। जब्त उपकरणों का फॉरेंसिक विश्लेषण जारी है। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।*

*- **वीरेन्द्र जैन**, एसपी, बैतूल*

## ओडिशा में आयोजित नेशनल स्पोर्ट्स मीट में जीते 11 पदक



**शाहपुर।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय शाहपुर के खिलाड़ियों ने ओडिशा में आयोजित चतुर्थ ईएमआरएस राष्ट्रीय स्पोर्ट्स मीट 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 11 पदक (3 स्वर्ण, 5 रजत और 3 कांस्य) जीतकर विद्यालय और बैतूल का गौरव बढ़ाया। छात्रों ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में बेहतरीन प्रदर्शन किया और अपनी प्रतिभा का लोहा राष्ट्रीय स्तर पर मनवाया। इस राष्ट्रीय उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में प्राचार्य, शिक्षकगण एवं अभिभावकों ने खिलाड़ियों का स्वागत किया तथा उन्हें पदक और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। प्राचार्य के के कटारे ने कहा ओडिशा में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 11 पदक जीतना विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व की बात है।

## विधायक के प्रयासों से मिली स्वीकृति क्षेत्र के 19 स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध होगी शव संरक्षण फ्रिज



**मुलताई।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुलताई और प्रभात पट्टन सहित क्षेत्र के कुल 19 उप स्वास्थ्य केंद्रों में अब शव संरक्षण फ्रिज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह सुविधा विधायक चंद्रशेखर देशमुख के प्रयासों से संभव हो पाई है, जिनके माध्यम से प्रमुख स्वास्थ्य भवनों में शव संरक्षण फ्रिज क्रय करने की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। क्षेत्र के नागरिक लंबे समय से शव संरक्षण फ्रिज की मांग कर रहे थे, जो अब पूरी होने जा रही है। प्रत्येक शव संरक्षण फ्रिज की अनुमानित लागत 1.98 लाख बताई गई है। इसे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

#### इन उप स्वास्थ्य केंद्रों को मिली स्वीकृति

स्वीकृति प्राप्त प्रमुख उप स्वास्थ्य केंद्रों में बिसनूर, मासोद, बिरुल बाजार, बरखेड़ा, अमरावती घाट, तिवरखेड़, साईखेड़ा, गेहूं बारसा, घाट बिरोली, चिचंडा, आष्टा, सालबर्डी सहित अन्य केंद्र शामिल हैं।

#### मिलेगी बड़ी राहत


अब तक शव संरक्षण की सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण ग्रामीणों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। हालांकि कुछ समाजसेवी संगठनों द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था की जाती थी, लेकिन क्षेत्र की आवश्यकता के अनुरूप वह पर्याप्त नहीं थी। नई सुविधा से आमजन को बड़ी राहत मिलेगी।

#### क्या है शव संरक्षण फ्रिज?

शव संरक्षण फ्रिज एक अत्याधुनिक शीतक यंत्र है, जिसका उपयोग अस्पतालों और पोस्टमार्टम गृहों में किया जाता है। इसमें शवों को 0 डिग्री सेल्सियस से 5 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच सुरक्षित रखा जाता है, जिससे परिजनों को आवश्यक समय और प्रशासन को उचित प्रक्रिया पूरी करने का अवसर मिलता है।

### पुरानी बिल्डिंग भी हो चुकी है जर्जर

## ग्राम पंचायत पावर झंडा में अधूरी छोड़ी बाउंड्रीवॉल



**शाहपुर।** शाहपुर के अंतर्गत आने वाली पावर झंडा ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम सेमरपूरा के प्राथमिक शाला की बाउंड्रीवाल का निर्माण किया गया। यह कार्य लेटलतीफ और घटिया मटेरियल से किया जा रहा है। ऊपर से अधूरी बाउंड्रीवॉल बनाकर छोड़ दिया गया। स्कूल की बाउंड्रीवॉल में गेट तक नहीं लगाया है। केवल गेट की जगह खाली छोड़ दी गई है। लोहे की रॉड बाहर निकली हुई। बाउंड्रीवॉल के निर्माण के बारे में शिक्षक से चर्चा की गई, तो उन्होंने बताया कि उन्हें इस अधूरे बाउंड्रीवॉल निर्माण की जानकारी नहीं है। ग्रामीणों का कहना था कि स्कूल में दुर्घटना होने का खतरा बना हुआ है। उन्होंने शासन को कई बार इस पुरानी बिल्डिंग जो जर्जर हो चुकी है, सूचना के माध्यम से अवगत कराया है। परंतु ना तो उस बिल्डिंग को गिराया जा रहा है और ना ही उसे सुधारा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर शासन को बिल्डिंग को तोडन्ना है, तो उसे जल्दी ही तोड़ दिया जाए, क्योंकि कई बार बिल्डिंग के खपरे और बल्लियां गिर चुकी है। खिडक्री में लगी ईंटे भी नीचे गिर रही है। फिर भी अधिकारी इस दुर्घटनाग्रस्त बिल्डिंग को शाला भवन से हटा नहीं रहे हैं। जिससे दुर्घटना होने का खतरा शिक्षक और बच्चों के मन में हमेशा बना रहता है। ग्रामीण राधाबाई काजले और रामभरोस ने बताया कि इस बिल्डिंग को जल्दी ही हटा देना चाहिए, जिससे ग्रामीण और उनके बच्चों और शिक्षक के मन में दुर्घटना का भय नहीं रहेगा और सभी सुरक्षित रहेंगे।

### चालक मौके से हुआ फरार

## एंबुलेंस में गोवंश तस्करी, 10 मवेशी बरामद, वाहन जब्त




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई**

मासोद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक एंबुलेंस में ले जाए जा रहे 10 गोवंश को मुक्त कराया है। पुलिस ने एंबुलेंस वाहन को जब्त कर लिया है, जबकि आरोपी चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, सुबह बिसनूर जोड़ क्षेत्र में चेकिंग के दौरान मुलताई रोड की ओर से एक एंबुलेंस आती दिखाई दी। पुलिस द्वारा टॉर्च की रोशनी से रुकने का संकेत देने पर चालक वाहन को तेजी से भगाकर रगडगांव-गेहूंबारसा रोड की ओर ले गया और संजू काकोडिया के घर के पास एंबुलेंस छोडक़र खेतों की ओर भाग गया। पुलिस ने वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर एमएच -06, जे -9255 नोट किया। एंबुलेंस का पिछला गेट खोलने पर अंदर 10 गोवंश मुंह और पैर बंधे हुए अमानवीय तरीके से ठूंस-ठूंस कर भरे मिले। प्रारंभिक जांच में गोवंश को महाराष्ट्र की ओर वध के लिए ले जाने की पुष्टि हुई।

मौके पर गवाह पवन कवडकर एवं संजू काकोडिया की मौजूदगी में एंबुलेंस वाहन एवं 10 गोवंश (कुल अनुमानित कीमत करीब 4 लाख 78 हजार रुपये) को 19 नवंबर 2025 को शाम 5.30 बजे जब्त किया गया। सभी मवेशियों को मां गायत्री गौशाला, ग्राम बघोड़ा में सुरक्षित सुपुर्द कर रसीद प्राप्त की गई।

## रेलवे स्टेशन और हाईवे उन्नयन से खुलेगा रोजगार का बड़ा रास्ता



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर**

सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व के चुरना क्षेत्र में स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं। मध्यप्रदेश राज्य नीति एवं योजना आयोग के पूर्व सलाहकार और लोक निर्माण विभाग के पूर्व सचिव पीसी बारस्कर ने कहा कि यह पूरा क्षेत्र प्राकृतिक धरोहर से समृद्ध है और आने वाले वर्षों में पर्यटन का मजबूत केंद्र बन सकता है। श्री बारस्कर ने बताया कि चुरना व आसपास के गांवों में होटल, रिसॉर्ट, होम-स्टे, कैंपिंग साइट्स और पर्यटन सेवाओं के लिए व्यापक संभावनाएँ मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय युवक यदि इस दिशा में पहल करें तो क्षेत्र की आर्थिक तस्वीर बदल सकती है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि युवाओं को जगह, योजना और आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे स्वावलंबी बन सकें। बारस्कर ने कहा कि किफायती आवास सुविधाएँ उपलब्ध होने से कम आय वाले पर्यटकों को फायदा मिलेगा और वे आसानी से जंगल सफारी का आनंद ले सकेंगे। श्री बारस्कर ने जानकारी दी कि ढोढरामोहर, मगरडोह और बरबतपुर रेलवे स्टेशनों का उन्नयन जल्द शुरू होने वाला है। इसके पूरा होने पर पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिससे स्थानीय व्यापार को नया संबल मिलेगा। उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे से धपाड़ा के बीच ठहरने की सुविधाओं का भारी अभाव है। ऐसे में स्थानीय युवक यदि कम पूंजी में 3-4 कमरों के छोटे होटल या होम-स्टे तैयार करें, तो यह अत्यंत लाभकारी साबित होगा।

#### युवाओं के लिए खुल रही नई राह

श्री बारस्कर ने कहा कि चुरना क्षेत्र का प्राकृतिक सौंदर्य, वन्य पर्यटन, साहसिक गतिविधियाँ और ग्रामीण संस्कृति इन सभी के कारण यह क्षेत्र मध्य प्रदेश का उभरता हुआ पर्यटन हब बन सकता है।उन्होंने युवाओं से अवसर पहचानने, प्रशिक्षण लेने और क्षेत्र के विकास में योगदान देने की अपील की। सतपुड़ा के जंगल की वादियों में अब सिर्फ वन्यजीवों की आवाज ही नहीं, बल्कि स्थानीय युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की उम्मीदें भी गूंजने लगेगी।

### छात्राएं बोलीं- स्कूल जाकर क्या करें?

## पढ़ाने के लिए शिक्षक और पीने के लिए पानी नहीं



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला**

गुरुवार को नगर के मेन रोड स्थित कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राएं पीने के पानी के लिए यहां वहां भटक रही थी। पूछने पर पता चला कि बीते दो दिनों से स्कूल में पीने का पानी नहीं है। छात्राओं ने बताया कि पढ़ाने के लिए शिक्षक भी नहीं है। ऐसे में जब यहां व्यवस्था बेहतर होगी, स्कूल आएंगे, नहीं तो कुछ समय के लिए छुट्टी ले लेंगे।

कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ऐसे हालत क्यों बन रहे हैं कि छात्राओं को कहना पड़ रहा है कि पीने के लिए पानी नहीं है और पढ़ाने वाले शिक्षक भी नहीं है, जो व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। बता दे कि इन दिनों मतदाता पुनरीक्षण के कार्यों में शिक्षकों को लगाया गया है। इनमें ज्यादातर ऐसे शिक्षक भी शामिल है, जो स्कूलों में गणित और विज्ञान जैसे जटिल विषयों को पढ़ाते हैं। जिससे स्कूलों में पढ़ाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। जानकारी के मुताबिक सिर्फ कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ही नहीं बल्कि सी.एम.राइस हायर सेकेंडरी स्कूल के भी गणित और विज्ञान के शिक्षकों को एसआईआर में लगाने से स्कूलों में अध्ययन व्यवस्था प्रभावित होने लगी है। कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पीने की पानी की समस्या होने से भी छात्रों को परेशान होना पड़ रहा है।

**फरवरी मार्च में होना है परीक्षा**

*एसआईआर प्रक्रिया में लगे शिक्षकों से स्कूलों में पढ़ाई व्यवस्था बुरी तरह लड़खड़ा गई है। आगामी दो तीन महीनो में हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी के इम्तिहान भी होना है, किंतु स्कूल प्रबंधन द्वारा व्यवस्था नहीं बनाने से समस्याएं हो रही है, ऐसे में छात्र-छात्राएं और शिक्षक भी अब इम्तिहानो का समय आगे बढ़ाए जाने की वकालत कर रहे हैं।*

**व्यवस्था बना रहे हैं**

*नगरपालिका द्वारा दो दिनों से पानी की आपूर्ति बंद किए जाने से पानी की समस्याएं आ रही है। नपा ने कहा है कि पाइपलाइन फूट गई है, इसलिए दिक्कत हो रही हैं। स्कूल के कुछ शिक्षक एसआईआर में लगे है, लेकिन हम व्यवस्था बना रहे हैं।*

*- **प्रमिला सावले**, प्रिंसिपल कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, आमला*

*स्कूलों में व्यवस्था बनाने के लिए कहा गया है। शिक्षकों को एसआईआर में लगाने से व्यवस्था कहीं-कहीं गड़बड़ जरूर हुई है, फिर भी मिलाकर कक्षाएं लगाने के लिए स्कूलों को कहा गया है। मैं खुद भी व्यवस्था देख रहा हूं।*

*- **धीरेंद्र साहू**, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी आमला।*


**कार्यालय नगरपालिका परिषद मुलताई जि. बैतूल (म.प्र.)**

**Office Of The Municipal Council Multai District. Betul (M.P.)**

Phone No. 07147-220262 Email ID - cmomultai@mpurban.gov.in

क्र./न.पा./2025/1706 मुलताई, दिनांक 20/11/2025

**अभिरूचि का प्रदर्शन (Expration of Interest)**

भारत सरकार, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के पत्र क्र. 16011/1/2024 AMRUT दिनांक 07.02.2024 द्वारा अमृत 2.0 एवं डे-एनयूएलएम के संयुक्त तत्वाधान में महिला स्व-सहायता समूह को अमृत मित्र के रूप में चयन कर विभिन्न तकनीकी / गैर-तकनीकी कार्य कराये जाने के विस्तृत दिशा-निर्देश एवं SOP निर्गत किये हैं।

भारत सरकार द्वारा निर्गत दिशा-निर्देश के अनुक्रम में स्व-सहायता समूह की महिलाओं को "अमृत मित्र" के रूप में (वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए) चयनित करने हेतु अमृत 2.0 एवं एनयूएलएम शाखा द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित "अभिरूचि का प्रदर्शन (Expration of Interest)" का प्रारूप निम्नानुसार है।

**आवेदनकर्ता के लिए जानकारी एवं मार्गदर्शन**

आवेदनकर्ता को सलाह दी जाती है कि सम्पूर्ण EOI आवेदन पत्र सावधानीपूर्वक पढ़कर समझ लें। आवेदनकर्ता को अपने आवेदन प्रस्ताव, निर्धारित प्रारूप में भरकर जमा करना अनिवार्य होगा।

नोट :- EOI आवेदन प्रक्रिया हेतु निर्धारित दिनांक निम्नानुसार है:-

| स.क्र. | विवरण | प्रारंभ दिनांक एवं समय | अंतिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | EOI आवेदन हेतु विज्ञापन का प्रकाशन | 21/11/2025 | 28/11/2025 |
| 2 | EOI सूचना का निकाय पटल पर प्रकाशन | 21/11/2025 | 28/11/2025 |
| 3 | कार्यालय से EOI आवेदन प्राप्त करना | 23/11/2025 | 28/11/2025 |
| 4 | पूर्णतः भरा हुआ EOI आवेदन जमा करना | 23/11/2025 | 28/11/2025 |
| 5 | EOI आवेदन एवं दस्तावेजों का परीक्षण | 29/11/2025 | 30/11/2025 |
| 6 | पात्र आवेदकों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रण | 01/12/2025 | 02/12/2025 |
| 7 | चयनित आवेदकों की सूची प्रकाशित करना | 04/12/2025 | 04/12/2025 |
| 8 | चयनित आवेदकों को कायार्देश जारी करना | 07/12/2025 | 07/12/2025 |

नोट :- 1. आवेदनकर्ता समूह को अपने प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप में ही जमा करने होंगे।
2. कोई भी प्रस्ताव अपूर्ण होने की स्थिति में निरस्त किया जावेगा।
3. निर्धारित दिनांक एवं समय के पश्चात प्राप्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जावेंगे।
4. आवेदनकर्ता समूह EOI आवेदन प्रक्रिया में लगने वाले सभी व्यय वहन करेगी।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद मुलताई

## खबर संक्षेप



### नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के पाँच वर्ष पूर्ण होने के अवसर आष्टा में जिला स्तरीय नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में देवास सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर सहित अनेक जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर पंजाब के अमृतसर में आयोजित राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों विशेषकर युवाओं और छात्र-छात्राओं को नशीले पदार्थों के दुष्परिणामों से अवगत कराना और नशामुक्ति के लिए प्रेरित करना है। इसके साथ ही अभियान में सामुदायिक भागीदारी को बढाना और नशा मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में सामूहिक प्रयासों को मजबूत करना है। सभी को नशामुक्ति की शपथ दिलाई इसमें नपाध्यक्ष हेंमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा, एसडीएम नितिन टाले, उपसंचालक महेश यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, युवा उपस्थित थे।

### स्मार्ट फिश मार्केट का निर्माण नहीं होने के भी लगाए आरोप, दोनों मामलों में जांच करने की मांग

# धनखेड़ी पंचायत में यात्री प्रतिक्षालय बेचने और तोड़ने का सरपंच व सचिव पर लगाया आरोप

ग्रामीणों ने शिकायत में बताया कि अब उस खाली जगह पर पक्की दुकानें बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया है और ये दुकानें उन लोगों को आवंटित की जा रही है, जिन्होंने पहले यात्री प्रतीक्षालय खरीदा था।







हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला पंचायत सीईओ को ग्राम पंचायत धनखेड़ी चांदबढ़ के सरपंच और सचिव के खिलाफ गंभीर अनियमितताओं की शिकायत मिली है। ग्राम धनखेड़ी के ग्रामवासियों द्वारा दिए गए आवेदन में आरोप लगाया गया है कि पंचायत पदाधिकारियों ने सार्वजनिक संपत्ति का दुरुपयोग करते हुए गांव में बने पक्के यात्री प्रतीक्षालय को अवैध रूप से किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया था। जब इस अवैध बिक्री की शिकायत 181 पर की गई तो सरपंच और सचिव ने प्रतीक्षालय, जो कि 10 वर्ष पुराना होने के बावजूद अच्छी अवस्था में था उसे 'जर्जर' बताकर तुड़वा दिया। ग्रामीणों ने शिकायत में बताया कि अब उस खाली जगह पर पक्की दुकानें बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया है और ये दुकानें उन लोगों को आवंटित की जा रही हैं, जिन्होंने पहले यात्री प्रतीक्षालय खरीदा था। यह सीधे तौर पर चहेतों को लाभ पहुंचाने का मामला है। ग्रामीणों ने वित्तीय अनियमितताओं पर भी उंगली उठाई है। पंचायत द्वारा 20-30 वर्ष पूर्व निर्मित चार दुकानें किराए पर दी गई हैं, लेकिन शिकायत के अनुसार प्रतिवर्ष नियमानुसार 10 प्रतिशत किराया वृद्धि का कोई रिकॉर्ड ग्राम पंचायत में नहीं है। आरोप है कि किराए की पूरी राशि सरपंच और सचिव मिलकर ले रहे हैं। इसके अलावा 'स्मार्ट फिश मार्केट' की दो दुकानों के लिए आए रुपए को भी बिना कोई निर्माण कराए ही, फर्जी बिल बनाकर और मटेरियल के नाम पर निकाल लिया गया है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत में नाली का निर्माण बेहद घटिया तरीके से कराया गया था, जिसके अवशेष अब मौके पर नहीं मिल रहे हैं। प्रशासनिक लापरवाही बताते हुए ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम सभा का आयोजन कब होता है, कौन शामिल होता है, इसकी जानकारी ग्रामीणों को नहीं मिलती। सरपंच और सचिव स्वयं ही बैठक करके फर्जी हस्ताक्षर करवा लेते हैं। ग्राम सचिव पिछले 5 वर्षों से पंचायत में कार्यरत हैं और वे पंचायत का काम मनमाने तरीके से करते हैं। वहीं इस मामले में पंचायत सचिव भारत सिंह गौर का कहना है कि, ग्रामीणों के द्वारा जो भी आरोप लगाए गए हैं वो गलत हैं।

**हाट बाजार स्थल**

शिकायत में बताया कि जिस जगह पर दुकानें बनाने का निर्णय लिया गया है, वह स्थान कई वर्षों से हाट बाजार और मेला लगने के लिए उपयोग होता रहा है। यदि यहां दुकानें बनती हैं तो हाट बाजार लगाकर कमाई करने वाले ग्रामीण बेरोजगार हो जाएंगे और आर्थिक रूप से परेशान होंगे। ग्रामीणों ने शिकायत आवेदन देकर जिला पंचायत सीईओ से निवेदन किया है कि इन गंभीर आरोपों के आधार पर ग्राम पंचायत धनखेड़ी चांदबढ़ के समस्त रिकॉर्ड की गहन जांच करवाई जाए। उनकी मांग है कि अनियमितताओं का पता लगाकर दोषियों को दंडित किया जाए।

## कटप्पा लांचर सहित पांच आरोपी गिरफ्तार, दलित युवक के साथ मारपीट का वीडियो हुआ था वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखन नगर



आजकल एक ट्रेंड चल रहा है मारपीट करते हैं और उसका वीडियो भी वायरल करते हैं गैंगस्टर की तर्ज पर सरेआम किसी के साथ मारपीट कर अपनी धाक जमाने का चलन बढ़ रहा है और अगर इन्हें अभी नहीं रोका गया तो ऐसे ही युवा गुमराह होकर कोई बड़ा अपराध भी कर सकतेहै अपने उप नाम भी गैंगस्टर से प्रभावित होकर रख लेते इन पांच आरोपियों में से लांचर कटप्पा नाम के भी है। ऐसी ही एक घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर 3 दिन से वायरल हो रहा है जिसमें पांच लोग लाठी डंडे से एक युवक की पिटाई कर रहे हैं वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया और पांचवा आरोपियों को। गिरफ्तार किया आरोपियों का जुलूस निकला गया( जिससे उनकी दहशत खत्म आरोपी कहते हुए चल रहे थे अपराध करना पाप है पुलिस हमारे बाप है पुलिस ने बताया पांचो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है

हालांकि घटना 17 नवंबर की है जिसकी जमानिया निवासी पवन दुबे ने नामजद रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी की स्वयं कटप्पा लांचर मिलन नमन पांचो ने प्रदीप अहिरवार उर्फ लकी और मुझे रोका और गंदी गंदी गालियां देकर डंडे और लाठी से मारपीट जिससे प्रदीप को चोट आई है सिर में से खून निकल रहाहै जिसका पुलिस ने मेडिकल भी कराया था वहीं लोगों में चर्चा है कि अपराधियों के हौसले बुलंद है पुलिस अगर सबक सिखाने के लिए कड़ी करती हैं तो वरिष्ठ अधिकारी थाने में पदस्थ अधिकारी को ही दंडित करते है।

## एसआईआर को लेकर भाजपा की संयुक्त बैठक कल होगी

### पत्रकार भवन में एकत्रित होंगे भाजपा के नेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नगर मंडल इटारसी एवं पुरानी इटारसी मंडल की एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक कल (21 नवंबर) को शाम 5 बजे से पत्रकार भवन, इटारसी आयोजित की जा रही है। यह बैठक मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफल और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से बुलाई गई है।

इटारसी जॉब लिस्टिंगविधायक डॉ. सीतासरन शर्मा सहित प्रमुख नेता रहेंगे मौजूदबैठक में विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, भाजपा नेता पीयूष शर्मा, एसआईआर अभियान के विधानसभा संयोजक एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष जयकिशोर चौधरी, एसआईआर के नगर प्रभारी दीपक अठोंत्रा, नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो एवं अन्य वरिष्ठ अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

बैठक का उद्देश्य और सहभागी एसआईआर अभियान के नगर संयोजक एवं भाजपा नगर महामंत्री शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि इस बैठक में नगर में निवासरत सभी जिला पदाधिकारी, नगर एवं पुरानी इटारसी मंडल के पदाधिकारी, प्रत्येक बूथ पर नियुक्त BLA-2, एवं सभी पार्षदगण उपस्थित रहेंगे।पार्टी का मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के दौरान हर पात्र मतदाता का नाम सूची में सही रूप से दर्ज हो।

## सहकारिता के क्षेत्र में नए सहकारी मॉडल से विकास

**सीहोर।** जिला सहकारी संघ मर्यादित सीहोर तत्वाधान 72 वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह 2025 के अन्तर्गत छटे दिवस पर बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित कुडी नयापुरा तहसील भैरूंदा में श्रीराम यादव पूर्व संस्था अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य में सुरेश यादव पूर्व सरपंच एवं संचालक की अध्यक्षता में तथा विनोद कुमार जैन उप अंकेक्षक एवं प्रशासक, रूपसिंह बारेला सरपंच, जनार्दन शर्मा प्रबंधक के विशेष आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया । मुख्य कार्यपालन अधिकारी तेजसिंह ठाकुर द्वारा उपस्थित अतिथियों का स्वागत पुष्पमाला से करते हुए कहाकि भारत का सहकारिता आन्दोलन खेती, डेयरी ऋण और हाथकरघा जैसे क्षेत्रों में हमेशा से मजबूत रहा है। इन सहकारी समितियों ने लोगों की लागत कम करने, जोखिम साझा करने और मिलकर काम करने में मदद की है। हमारा देश डिजिटल और शहरी होता जा रहा है। नये क्षेत्रों में सहकारी समितियों के माध्यम से बड़े बदलाव लाये जा सकते हैं । जैसे पर्यटन, स्वास्थ्य सेवाऐं, हरित ऊर्जा, सेवा प्लेटफार्म, परिवहन, श्रम सेवाऐं आदि क्षेत्रों में नवीन सहकारी समितियों का गठन, युवाओं को रोजगार प्रदान कर स्वावलम्बी एवं आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध हुआ है। यह नये सहकारी मॉडल स्थानीय अर्थव्यवस्था को बदल सकते हैं। यह स्थिर नौकरियां पैदा करते हैं और श्रमिकों को बीमा और सामाजिक सुरक्षा जैसे लाभ प्रदान करते हैं ।

विनोद कुमार जैन प्रशासक द्वारा कहाकि सहकारिता क्षेत्र में बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से कई प्रकार के कार्यों को सम्पादित किया जा सकता है। अभी तक ऋण, खाद एवं उपभोक्ता सामग्री ही प्राप्त होती थी, परन्तु हमारे देश के प्रथम सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा कृषि साख संस्थाओं को बहुउद्देशीय मॉडल बनाकर डिजिलीकरण किया गया है।

संस्थाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु कई प्रकार के कार्य करने की अनुमति उपविधि में प्रदान की गई है जिससे संस्था अपने सदस्यों के हित में कई प्रकार के कार्यों को कर सकती है। साथ उद्देश्य अनुसार नवीन सहकारी समिति का गठन भी किया जा सकता है।

## शिविर में हुई 110 लोगों की लिवर फाइब्रोस्कैन जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



गुरूवार को श्री गुरुनानक मेडिकल सेंटर में एक शिविर आयोजित किया गया। जिसमें लिवर फाइब्रोस्कैन मशीन के माध्यम से लिवर के मरीजों की जांच करके परामर्श एवं उपचार दिया गया। लिवर रोग से संबंधित मरीजों को गुरुनानक मेडिकल सेंटर के डॉ. ताविश अरोरा ने उपचार एवं परामर्श प्रदान किया। आज के शिविर में 110 मरीजों ने पंजीयन कराया यह शिविर प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक चला। इस शिविर में लिवर की जांच के साथ ही HbA1C, लिपिड प्रोफाइल, थायरॉयड प्रोफाइल, यूरिक एसिड की भी जांच की गई।

इटारसी जॉब लिस्टिंगलिवर फाइब्रोस्कैन मशीन से अत्यंत कम दरों पर मरीजों की जांच करके परामर्श एवं उपचार दिया। लिवर संबंधित जांच 110 लोगों ने करायी। डॉ. ताविश अरोरा ने इन मरीजों को मशीन से जांच के बाद मिली रिपोर्ट के आधार पर उपचार एवं परामर्श प्रदान किया। इसमें फैटी लिवर से संबंधित जांच भीकी गई।

## मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कराने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुपरवाइज़र एवं बीएलओ हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम के निर्देशन में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में कार्य युद्धस्तर पर जारी है। इसी क्रम में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 सिवनी मालवा में एसडीएम एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विजय राय तथा सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में पुनरीक्षण कार्य प्रभावी ढंग से संपादित किया जा रहा है।

इस अभियान के तहत सिवनी मालवा क्षेत्र में सबसे पहले 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण करने की उपलब्धि दर्ज की गई। उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु मतदान केंद्र क्रमांक 6 के बीएलओ राजेंद्र परमार, मतदान केंद्र क्रमांक 130 के बीएलओ बृजेश काजवे, मतदान केंद्र क्रमांक 163 के बीएलओ योगेंद्र बामलिया, तथा सेक्टर सुपरवाइज़र धर्मेंद्र परमार, राधिका नोरिया और सुनील झरानिया को विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

एसडीएम सिवनी मालवा विजय राय ने सभी उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर एसडीएम विजय राय ने कहा कि "मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। बीएलओ और सुपरवाइज़र टीम द्वारा समयसीमा में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण कर उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। इस तरह की निष्ठा और जिम्मेदारी ही निर्वाचन कार्यों को सफल बनाती है।"

कार्यक्रम में नायब तहसीलदार शंकर सिंह रघुवंशी, विधानसभा नोडल पंकज परसाई, निर्वाचन सहायक पुष्पराज पटेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह में टीम भावना, अनुशासन और समर्पण की विशेष प्रशंसा की गई तथा आगामी कार्यों में भी इसी ऊर्जा के साथ योगदान देने का आह्वान किया गया।

## वर्धमान पब्लिक स्कूल में हुआ सेमिनार मुस्कान कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



गूरूवार वर्धमान पब्लिक स्कूल में पुलिस विभाग द्वारा 'मुस्कान कार्यक्रम' के अंतर्गत एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीओपी वीरेन्द्र मिश्रा एवं टी आई गौरैव सिंह बुंदेला उपस्थित रहे। शाला संचालक प्रशांत जैन एवं प्राचार्य चंद्रसेन पटेल ने पुष्प गुच्छों से उनका स्वागत किया।

अतिथियों ने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम से संबंधित जानकारी देने के साथ ही उनसे बचने के उपाय भी बताए। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि कोई अनजान ही नहीं बल्कि आपके पहचान वाले व्यक्ति भी आपके साथ फ्रॉड कर सकते है, अतः सावधान रहें।

किसी भी प्रकार का फ्रॉड होने पर 1930 नम्बर पर कॉल करके अपनी रिपोर्ट दर्ज करवाएं। इसके साथ ही गुड टच – बेड टच के बारे में समझाया तथा सोशल मीडिया का उपयोग करते हुए अनजान लोगों से सावधान रहने की सलाह दी।

## जागरुकता कार्यक्रम में समझाईश दी, नई बहुओं के नाम ससुराल की मतदाता सूची में जुड़वाए जाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



भारत निर्वाचन आयोग की स्वीप आईकॉन सारिका ने एक महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक अधिकार के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विवाह के बाद नई बहू का नाम उसके मायके की जगह ससुराल की मतदाता सूची में सही ढंग से शामिल हो जाए।

कलेक्टर सोनिया मीना के मार्गदर्शन में आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में सारिका ने नवविवाहित जोड़ों और उनके परिवारों को मतदाता सूची में नाम स्थानांतरण की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने बताया कि गृह प्रवेश के साथ ही बहू को उसके लोकतांत्रिक अधिकार से जोड़ना भी एक आवश्यक 'संस्कार' है।

सारिका ने बताया कि अगर शादी से पहले लड़की का नाम उसके मायके की मतदाता सूची में दर्ज था, तो नए पते पर नाम स्थानांतरित करने के लिए फार्म-8 का उपयोग किया जाता है। नाम स्थानांतरण बीएलओ की मदद से फॉर्म-8 भरकर मतदाता को उसके विवाह के बाद के नए पते पर स्थानांतरित किया जाता है।

नया पंजीकरणः यदि कोई मतदाता पहली बार पंजीकरण कर रहा है, तो उसके लिए फॉर्म-6 का उपयोग किया जाता है।यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन या ऑफलाइन, दोनों तरीकों से पूरी की जा सकती है। लोकगीत की धुन पर 'मतदाता बन्नी गीत' गाकर जानकारी दे रही हैं। उनका मानना है कि इस अनूठे तरीके से यह संदेश लोगों के दिलों तक जल्दी पहुंचेगा।

## लायंस क्लब फ्रेंड्स ने फुटबॉल खिलाड़ियों को प्रदान किए ट्रैकसूट



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

स्थानीय श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया खेल प्रशाल खेडा इटारसी पर एक सराहनीय पहल देखने को मिली, जब लायंस क्लब इटारसी फ्रेंड्स ग्रुप के सदस्यों ने फाइटर फुटबॉल क्लब के जूनियर खिलाड़ियों को ट्रैकसूट वितरित किए।

यह आयोजन विशेष रूप से ठंड के मौसम को ध्यान में रखकर किया गया था, ताकि युवा खिलाड़ी बिना किसी परेशानी के अपनी प्रेक्टिस जारी रख सकें। लायंस क्लब के सभी सदस्यों ने मौके पर उपस्थित होकर इन ट्रैकसूट्स को बच्चों को भेंट किया।

इस अवसर पर, फाइटर फुटबॉल क्लब ने लायंस क्लब इटारसी फ्रेंड्स ग्रुप के सभी पदाधिकारी गण एवं सदस्यों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। क्लब ने कहा कि यह सहयोग बच्चों को प्रोत्साहित करेगा और उन्हें खेल के प्रति समर्पित रहने में मदद करेगा।

### जिला विकास सलाहकार समिति का गठन, सत्यम अग्रवाल बने सदस्य



**इटारसी।** जिले में जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किया गया है। साई कृष्णा रिसॉर्ट के संचालक सत्यम अग्रवाल को समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। उनकी यह नियुक्ति प्रभारी मंत्री राकेश सिंह द्वारा, विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा की अनुशंसा पर की गई है।श्री अग्रवाल के मनोनयन पर जिले के विभिन्न व्यापारी संगठनों, उद्योग संघों तथा सामाजिक संगठनों ने उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए इसे जिले के विकास के लिए एक सकारात्मक कदम बताया है।

## 13 दिसंबर को आखिरी नेशनल लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तृप्ति शर्मा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के दिशा निर्देशानुसार तहसील विधिक सेवा समिति इटारसी के द्वारा आगामी 13 दिसंबर को वर्ष की अंतिम नेशनल अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस नेशनल लोक अदालत में विभिन्न विभागों के प्री लिटिगेशन एवं न्यायालय में लंबित प्रकरणों का त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण हेतु विशेष व्यवस्था की गई है। नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत मामलों हेतु विशेष छूट योजना लागू रहेगी, जो निम्न दाव श्रेणी के समस्त घरेलू उपभोक्ता, समस्त कृषि उपभोक्ता, 5 किलो वाट भार तक के गैर घरेलू उपभोक्ता, 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ता पर निम्न अनुसार लागू होगी।

प्री लिटिगेशन स्तर पर विद्युत वितरण कंपनी द्वारा आकलित सिविल दायित्व राशि पर 30% की छूट तथा आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस उपरांत प्रत्येक 6 माही चक्रब्रद्धि दर अनुसार 16% प्रतिवर्ष के दर्शन लगने वाले ब्याज की राशि पर 100% की छूट रहेगी।

इसके साथ ही इसके एवं लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आकलित सिविल दायित्व राशि पर 20% की छूट तथा 30 दिवस उपरांत प्रत्येक 6 माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16% प्रतिवर्ष के दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100% की छूट रहेगी।

खबर संक्षेप

## नगर में भूमिहीन परिवारों को मिलेगी आवासीय भूमि

**हरदा।** राज्य सरकार ने नगरीय क्षेत्रों में रहने वाले भूमिहीन और आवासहीन परिवारों को आवासीय भूमि के पट्टाधिकार प्रदान करने के लिए 20 नवम्बर गुरूवार से व्यापक अभियान शुरू किया है। यह अभियान 13 दिसम्बर 2025 तक चलेगा। इसके लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा राजस्व विभाग ने संयुक्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत बीएलसी और एएचपी घटकों के सुचारू क्रियान्वयन के लिए यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार ने वर्ष 1984 के मध्यप्रदेश नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधिकार) अधिनियम में संशोधन करते हुए पात्रता तिथि को 31 दिसम्बर 2020 निर्धारित किया है। इस तिथि तक सरकारी, नगर निकाय या विकास प्राधिकरण की भूमि पर काबिज आवासहीन परिवार पट्टाधिकार प्राप्त करने के पात्र होंगे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण बीएलओ को नोटिस

**हरदा।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन ने विधानसभा क्षेत्र 135 हरदा के मतदान केन्द्र क्रमांक 26 जामली दमामी के बूथ लेवल अधिकारी ग्राम पंचायत सचिव जामली दमामी रमेश सेजकर को विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत डिजिटाईजेशन कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। 24 घंटे के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है। स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं होने अथवा अप्राप्त होने की दशा में अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

### कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर स्कूल, आंगनबाड़ियों का निरीक्षण किया

# दूधकच्छ कला के स्कूल में जनशिक्षक की लापरवाही, 3 दिन का वेतन काटने के निर्देश





हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बुधवार को जिले के पानतलाई एवं दूधकच्छ कला ग्रामों में पहुँचकर वहां संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने आंगनबाड़ी केन्द्रों से पोषण आहार वितरण, बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण सहित अन्य गतिविधियों की जानकारी ली। गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को मिलने वाले टेकहोम राशन की व्यवस्था पर भी पूछताछ की। साथ ही निर्देश दिये कि प्रत्येक आंगनवाड़ी केन्द्र में निजी स्कूलों में जाने वाले बच्चों की सूची चस्पा की जाए ताकि बच्चों की दर्ज संख्या एवं केन्द्र से लाभ प्राप्त करने वाले बच्चों की स्थिति स्पष्ट रहे। उन्होने कहा कि हर एक आंगनवाड़ी केन्द्र में एक फीडबैक रजिस्टर भी संधारित किया जाए। जब भी कोई अधिकारी आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण करता है तो वह अपनी निरीक्षण टीप इस रजिस्टर में इन्द्राज करे। ग्राम दूधकच्छ कला की प्राथमिक शाला में अव्यवस्थाएं मिलने एवं पर्यवेक्षण व्यवस्था में लापरवाही पाये जाने पर कलेक्टर ने यहां के जनशिक्षक राजेश गुर्जर का तीन दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि स्कूल की व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित शिक्षक से भी जवाब मांगा जाए। कलेक्टर ने स्कूलों में विद्यार्थियों को होमवर्क आवश्यक रूप से जांचने के भी शिक्षकों को निर्देश दिये। अपने भ्रमण के दौरान श्री जैन ने रन्हाई एवं पानतलाई के बीच की सड़कों का भी निरीक्षण किया एवं सड़क निर्माण से संबंधित अधिकारियों को सड़कों की मरम्मत कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने दूधकच्छ कला एवं पानतलाई में नल जल योजना के तहत घर-घर लगाये गये नलों में पेयजल की आपूर्ति व्यवस्था भी देखी। इस दौरान उन्होने नलों में टोंटियां लगाने के निर्देश दिये। विभागीय अधिकारियों से कहा कि पाईप लाइन के टेल एण्ड तक पर्याप्त प्रेशर से पानी पहुँचे, यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने अपने भ्रमण के दौरान मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का भी निरीक्षण किया।

### राजस्व न्यायालय के कार्य भी ई-ऑफिस व्यवस्था से किए जाएं

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय टिमरनी के निरीक्षण के दौरान उन्होने एसडीएम व तहसील कार्यालय की सभी नस्तियां ई-ऑफिस व्यवस्था के माध्यम से संचालित करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि राजस्व न्यायालय के कार्य भी ई-ऑफिस व्यवस्था से किये जायें। उन्होने कहा कि एसडीएम व तहसील कार्यालय में सभी कर्मचारियों के नाम एवं पद की पट्टिकाएं लगी होना चाहिए। साथ ही कार्यालय में कर्मचारियों के बीच कार्य विभाजन भी सुव्यवस्थित तरीके से होना चाहिए। एसडीएम कार्यालय में अधिवक्ताओं द्वारा पार्किंग व्यवस्था की मांग करने पर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। जनपद पंचायत टिमरनी के निरीक्षण के दौरान भी कलेक्टर ने कार्यालय की नस्तियां एवं पत्र व्यवहार ई-ऑफिस के माध्यम से प्रचलित करने के निर्देश दिये।

### इंडोर स्टेडियम का कलेक्टर ने निरीक्षण किया

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा टिमरनी में तैयार किये गये इंडोर स्टेडियम का भी कलेक्टर द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होने स्टेडियम परिसर में साफ-सफाई करवाने के निर्देश दिये। अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्टेडियम के अंदर पक्षियों द्वारा गंदगी न फैलाई जाए, इसके लिये आवश्यक व्यवस्थाएं करें। स्टेडियम परिसर में सतत खेलकूद गतिविधियां आयोजित करने के भी कलेक्टर द्वारा निर्देश दिये गये। कृषि उपज मण्डी टिमरनी में भावान्तर पंजीयन एवं किसानों को अभी तक भावान्तर योजना से हुए भुगतान की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि मण्डी में यदि कोई व्यापारी अनावश्यक सामान रखता है तो उससे किराया वसूला जाए। टिमरनी के लोक सेवा केन्द्र का भी कलेक्टर द्वारा निरीक्षण किया गया। इस केन्द्र से उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री करवाने की व्यवस्था प्रारम्भ करने के निर्देश दिये। केन्द्र में प्राप्त हो रहे आवेदनों की भी कलेक्टर द्वारा जानकारी ली गई।

## अभियान को लेकर बैठक हुई हमारा शौचालय-हमारा भविष्य अभियान 10 दिसंबर तक



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

पेयजल एवं जल स्वच्छता मंत्रालय विभाग भारत सरकार द्वारा विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर हमारा शौचालय- हमारा भविष्य अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। यह अभियान 10 दिसम्बर तक संचालित किया जायेगा। अभियान के जिले में क्रियान्वयन के लिये जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन ने जिले के प्रमुख विभागों स्वास्थ्य विभाग, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, म.प्र. जन अभियान परिषद, जनजातीय कार्य विभाग के साथ बैठक आयोजित कर जिले में अभियान की रूपरेखा विभागीय दायित्व एवं परस्पर समन्वय के संबंध में अवगत कराते हुये सभी को सहभागिता हेतु निर्देशित किया। बैठक में श्रीमती जोसेफ ने कहा कि यह अभियान केवल स्वास्थ्य, गरीमा और सामाजिक समृद्धि के लिये स्वच्छता एवं स्वच्छ व्यवहार पर ही नही बल्कि शौचालयों की क्रियाशीलता के मूल्यांकन मरम्मत तथा सौंदर्यीकरण पर भी विशेष रूप से केंद्रित होगा। अभियान में व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय एवं सामुदायिक स्वच्छता परिसर दोनो को शामिल किया गया है।

### ग्राम स्तर पर व्यक्तिगत प्रतियोगिता

अभियान का मुख्य उद्देश्य आवश्यकतानुसार सामुदायिक स्वच्छता परिसरों की मरम्मत कर उनकी क्रियाशीलता सुनिश्चित करना, व्यक्तिगत परिवारों को भी उनके व्यक्तिगत शौचालयों की मरम्मत व अनुरक्षण हेतु प्रेरित करना, सामुदायिक शौचालयों के मौजूदा संचालन एवं संधारण तंत्र का आकलन एवं सुदृढ़ीकरण व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालयों के सौंदर्यीकरण हेतु समुदाय को पेंटिंग के लिये प्रेरित करते हुये सीएससी को आकर्षक एवं स्वागत योग्य स्थानों में परिवर्तित करना तथा परिवारों को उनके घरों के शौचालयों के सौंदर्यीकरण हेतु प्रेरित करना। इस अभियान के तहत ग्राम स्तर पर सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत शौचालय प्रतियोगिता, सामुदायिक शौचालय सौंदर्यीकरण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। साथ ही अभियान के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों के द्वारा सामुदायिक जागरूकता की विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। ग्राम स्तर पर जागरूकता के लिये स्कूल, आंगनवाड़ी, आदिवासी आश्रम, छात्रावास, स्वास्थ्य केंद्रो व महाविद्यालयों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। अभियान में सर्वश्रेष्ठ काम करने वाले अधिकारी, कर्मचारी, ग्राम पंचायतों, हितग्राही, संस्थाओ एवं विभागों को पुरस्कृत किया जायेगा। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### नगर पालिका ने की कार्रवाई

## खंभों, सड़क की पटरियों दीवारों पर लगे होर्डिंग और बैनर हटाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

शासन के निर्देश पर नगर पालिका ने बिजली के खंभों, सड़क की पटरियों और दीवारों पर लगे होर्डिंग व बैनर हटा दिए। यह कार्रवाई गुरुवार को सीएमओ कमलेश पाटीदार के नेतृत्व में की गई। सीएमओ पाटीदार ने बताया कि बिजली के खंभों पर लगे होर्डिंग से शॉर्ट सर्किट का खतरा रहता है। वहीं, सड़क की पटरियों पर लगे बैनरों के रिफ्लेक्टर से वाहन चालकों को चकाचौंध महसूस होती है, जिससे वाहन चलाने में दिक्कत होती है और दुर्घटनाएं हो सकती हैं। यह अभियान शहर के घंटाघर चौक से नारायण टॉकीज चौक और चांडक चौराहे से साईं मंदिर तक चलाया गया, जहां पोल पर लगे बड़े-बड़े होर्डिंग और बैनर हटाए गए। उन्होंने यह भी बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### अतिक्रमण की समस्या पर भी ध्यान दिलाया

सीएमओ ने सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण की समस्या पर भी ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि दुकानों का सामान पटरियों पर रखने और ऑटो व ई-रिक्शा को आड़े-तिरछे खड़ा करने से जाम लगता है, जिससे राहगीरों को परेशानी होती है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। दुकानदारों और ई-रिक्शा चालकों को कड़ी चेतावनी देते हुए पाटीदार ने कहा कि सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण न करें। यदि कोई ऐसा करते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जर्जर हालत और उड़ती धूल मिट्टी से त्रस्त स्थानीय व्यापारियों व आम जनता सड़क पर आई

# छीपाबड़ में सड़क की बदहाली को लेकर कांग्रेस ने हाईवे रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

नर्मदापुरम खंडवा स्टेट हाईवे के छीपाबड़ वाले हिस्से की जर्जर हालत और उड़ती धूल मिट्टी से त्रस्त स्थानीय व्यापारियों व आम जनता ने कांग्रेस के आह्वान पर एकजुट होकर जोरदार विरोध दर्ज किया। कांग्रेस ने हाईवे रोका। युवा कांग्रेस नेता भूपेंद्र राजपूत , जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनुरूप बायवार एवं जिला प्रवक्ता असलम पठान के नेतृत्व में छीपाबड़ नगर पूरी तरह बंद रहा। मुख्य बाजार की राह पर उड़ती धूल, मिट्टी और गड्ढों से वर्षों से परेशान व्यवसायियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर कांग्रेस के धरने में शामिल होकर प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया।

विधायक डॉ. दोगने ने संभाला मोर्चा, बदहाल सड़क को बताया आमजन का नरक मार्ग धरना स्थल पर पहुंचे हरदाझखिरकिया विधानसभा के लोकप्रिय विधायक डॉ. आर.के दोगने ने सड़क की दुर्दशा से परेशान व्यापारियों और रहवासियों की समस्या को जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने कहा कि छीपाबड़ मुख्य मार्ग की हालत ऐसी है कि धूल-मिट्टी की वजह से व्यापार रुक गया है, लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। इसके बावजूद प्रशासन की चुप्पी गंभीर लापरवाही को दर्शाती है। उन्होंने मंडी में किसानों की समस्याओं को उठाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर दर्ज किए गए आपराधिक प्रकरणों को लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए कहा कांग्रेस कार्यकर्ता न पहले डरे थे, न अब डरेंगे। जनसमस्याओं की आवाज यूं ही बुलंद होती रहेगी। छीपाबड़ में नगर बंद के दौरान धरने पर पहुंचे हरदा विधायक आर के दोगने ने कहा कि हरदा जिले में जो एमडी मादक पदार्थ खरीदा बेचा जा रहा है उसकी शुरुआत कमल पटेल के कृषि मंत्री के पूर्व कार्यकाल के दौरान हुई । उन्होंने कहा कि छोटी हरदा में कृषि मंत्री के साढ़े 3 साल के कार्यकाल के दौरान जुआघर चलाया जाता था जिसमें बाहर के जुआरियों ने एमडी ड्रग्स हरदा में लाना शुरू किया जिसका परिणाम यह है कि बड़ी संख्या में ड्रग सप्लाई होने लगी है। बुधवार को हरदा पुलिस ने जिले में दो अलग-अलग जगह से करीब एक करोड रुपए की एमडी ड्रग्स पकड़ी है। हरदा जिले के बच्चों को नशे की गिरफ्त में जबरन धकेलना का प्रयास मादक पदार्थ का धंधा करने वाले कर रहे हैं। धरना स्थल पर एमपी आरडीसी के अधिकारियों को भी स्पष्ट निर्देश दिए गए की सड़क की स्थिति जल्द से जल्द सुधारी जाए । नगर परिषद के सीएमओ महेंद्र शर्मा से विधायक दोगने ने कहा कि महाराणा प्रताप चौराहे पर शौचालय की बड़ी समस्या है 15 दिनों के अंदर शौचालय का निर्माण कार्य अतिक्रमण हटवा कर शुरू कराया जाए।



### प्रशासन ने कहा, चार दिन में सड़क का डामरीकरण शुरू करेंगे

धरने के दौरान एमपीआरडीसी के सहायक प्रबंधक राजकुमार नागले व एसडीएम शिवांगी बघेल मौके पर पहुंचे और आश्वासन दिया कि चार दिनों के भीतर छीपाबड़ मुख्य मार्ग का डामरीकरण शुरू कर दिया जाएगा। धरना स्थल पर ही महाराणा प्रताप चौक पर लंबे समय से शौचालय न होने से यात्रियों को हो रही परेशानी का मुद्दा उठाया गया। विधायक दोगने ने नगर परिषद के सीएमओ और इंजीनियर को निर्देश दिया कि तुरंत स्थान निर्धारित कर 10 से 15 दिन में शौचालय निर्माण शुरू करें। नगर परिषद के इंजीनियर सिद्धार्थ सोनी ने समस्या के शीघ्र समाधान का भरोसा दिया।विधायक दोगने ने सभी अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा निर्धारित समय सीमा में काम पूरा न हुआ तो कांग्रेस बड़ा आंदोलन और चक्काजाम करेगी।

### कांग्रेस नेताओं ने सड़क की बदहाली को बताया प्रशासन की नाकामी

धरने को संबोधित करने वालों में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शंकर सोलंकी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष आशुतोष कोठारी, सिराली पार्षद बहादुर सिंह ठाकुर, जिला प्रवक्ता अनुरूप बायवार, वरिष्ठ नेता बद्री पटेल, सुनील राजपूत सहित कई नेताओं ने सरकार व विभाग की उदासीनता पर तीखे शब्दों में नाराजगी जताई। व्यापारियों की भारी भागीदारी नगर बंद रहा पूर्णतः सफल धरने और नगर बंद में बड़ी संख्या में व्यापारी और आमजन मौजूद रहे। प्रमुख रूप से देवेंद्र राजपूत, जितेंद्र राजपूत, प्रवीण पाटिल, असलम पठान, रंजीत राजपूत, आशीष राजपूत, दुर्गेश तिवारी, जितेंद्र सोनी, गोविंद राजपूत, विजेंद्र राजपूत, अमन खरबड़िया, नरेंद्र आठनेर, अनिल मालाकार, जगदीश बघेल, सावन शर्मा, मंजीत बघेल, रमेश बाबूजी, विनय मालवीय, यशवंत राजपूत, मूसा भाई, हार्दिक जायसवाल शक्ति सिंह राजपूत सहित छीपाबड़ मुख्य मार्ग के सभी व्यवसायी बंद और धरने में शामिल रहे।

### बिंजलवाड़ा परियोजना से क्षेत्र में खुशहाली का दौर शुरू

# नर्मदा जल पहुंचा खेतों, नदी-नालों में, 32 गांवों में 25 हजार हेक्टर में फसलों की होगी सिंचाई

**परियोजना, नर्मदा घाटी विकास विभाग की सिंचाई परियोजना है। इन्दिरा गांधी सागर परियोजना की मुख्य नहर से नर्मदा जल पहुंच रहा है**

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

बहुप्रतीक्षित बिंजलवाड़ा सिंचाई परियोजना से अंततः निमाड़-अंचल में खुशहाली का दौर शुरू हो गया है। मां नर्मदा की निर्मल- जलधाराओं ने जब शुष्क-भूमि के कंठों को तरबतर किया तो अन्नदाताओं के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे हैं। फलस्वरूप इस शुरुआती दौर में करीब 25 हजार हेक्टर कृषि-भूमि सिंचित करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है और यह क्रम अभी जारी है। यह परियोजना, नर्मदा घाटी विकास विभाग की महत्वाकांक्षी सिंचाई परियोजना है। जिससे इन्दिरा गांधी सागर परियोजना की मुख्य नहर से नर्मदा-जल निमाड़ अंचल में पहुँच रहा है। इसके पूर्ण होने पर 128 गावों की 50 हजार हेक्टर भूमि 5 पम्प हाउस से सिंचित होगी। जिसके अनुसार पम्प क्र.01 (दौड़वां) से 6995 हेक्टर, क्र.2 (ग्राम नलवा) से 2924 हेक्टर,क्र.03 (भगवानपुरा) से 10595 हेक्टर, क्र.4 (खारवी) से 16328 और क्र.05 (बडिया) से13328 हेक्टर भूमि सिंचित होने से निमाड़ में खुशहाली आवेगी।

### 26 गांवों में पहुंचा नर्मदा जल

परियोजना के प्रथम चरण में 26 गांवों में नर्मदा-जल पहुंच रहा है,जिससे करीब 20 हजार हेक्टर भूमि के सिंचित होने का अनुमान है।जिसके अनुसार पम्प हाउस क्रमांक तीन से 14 गांवों की 3069 हेक्टर भूमि में नर्मदा जल पहुँच रहा है। इसी तरह पम्प हाउस क्रमांक एक से 12 गांवों की 6514 हेक्टर कृषि-भूमि में भी नर्मदा जल का पहुँचने से खुशहाली का माहौल है। इसके अलावा नदी-नालों, तालाबों एवं अन्य जल-स्त्रोतों में भी नर्मदा-जल छोड़ा जा रहा है,जिससे करीब 10 हजार हेक्टर भूमि सिंचित होगी। किसानों में अनिल किराड़े आखापुरा,राजु भाई दौड़वां,अरमान खान सगड़यांव ने उनके खेतों में नर्मदा जल पहुँचने से खुश हैं।

### पंप क्र.2 से भी होगी सिंचाई

विदित ही है कि पंप हाउस क्र.3 से क्र. 2 की ओर विद्धुत-टावर एवं कनेक्शन की प्रारम्भ से ही समस्याएं आ रही है। जिसमें कतिपय किसानों की नाराजगी के चलते एलाइनमेंट में परिवर्तन किया गया है। महाप्रबंधक रघु कारमीला ने जल्दी ही समस्या हल होने को लेकर विश्वास व्यक्त किया है और कनेक्शन की प्रक्रिया जारी है। इस से 2924 हेक्टर भूमि की सिंचाई प्रस्तावित है।



### झिरन्या में भी पहुंचेगा नर्मदा जल

इस तहसील के उत्तर-पूर्वी छोर और छैगांव माखन के सीमावर्ती भीकनगांव-झिरन्या के गाँवों में ग्राम बडिया स्थित पांचवें पम्प हाउस से नर्मदा-जल छोड़ेंगे। कम्पनी के सहायक प्रबंधक प्रवीण कुमार पटेल ने बताया कि पाइप नहरों और नदी-नालों एवं तालाबों से शीघ्र नर्मदा जल खेतों में पहुंचेगा। जिससे ग्राम शिवना, ठोकनबेड़ा, पोखर,टेमला,मोहनखेड़ी,काल्याखेड़ी की करीब 5000 हेक्टर कृषि-भूमि सिंचित होगी।

### इनका कहना है

परियोजना से नर्मदा जल छोड़ा गया है और कार्य की प्रतिदिन मानिटरिंग की जा रही है। तदनुसार आवश्यक निर्देश दिए जा रहें हैं,ताकि अधिकाधिक कृषि भूमि सिंचित हो सके।

**सीएल आरख**, मुख्य अभियंता, इंदिरा सागर परियोजना सनावद

पम्प हाउस एक और तीन से खेतों,नदी,नालों एवं तालाबों में नर्मदा-जल छोड़ा जा रहा है और पम्प 2 एवं 5 से भी फसलें सिंचित होगी। एजेंसी तेजी से कार्य कर रही है। लेकिन कहीं-कहीं किसानों के असहयोग से दिक्कतें आ रही है।

**प्रतापसिंह अगास्या**, डिप्टी कलेक्टर खरगोन

पम्प हाउस एक और तीन से 26 गाँवों की करीब 20 हजार हेक्टर और पम्प क्र.पांच से करीब 5 हजार भूमि सिंचित होगी। जबकि पम्प क्र.3 से क्र.2 के के मध्य विद्युत टावर और कनेक्शन की समस्या हल होने पर सिंचाई रकबे में वृद्धि होगी।

**रघु कारमीला**, महाप्रबंधक,जीवीपीआर इंजीनियरिंग,हैदराबाद

## अनुबंध पत्र का पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य हुआ

**सीहोर।** अचल सम्पत्ति क्रय-विक्रय के अनुबंध का पंजीयन आवश्यक है। भारतीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 की धारा-17 के अंतर्गत अचल सम्पत्तियों भूमि, भवन, फ्लेट, प्लॉट, दुकान, गोडाऊन, कार्यालय इत्यादि को खरीदने या विक्रय के एग्रीमेंट का पंजीयन सब रजिस्ट्रार कार्यालय में करना अनिवार्य है। केवल स्टाम्प पर लिखे गये नोटराईज्ड अनुबंध कानूनी अधिकार प्रदान नहीं करता है। अचल सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के अनुबंध पत्रों पर स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क निर्धारित है। एग्रीमेंट में सम्पत्ति पर कब्जा नहीं दिया है, तो एक हजार रूपये स्टाम्प ड्यूटी और अनुबंध मूल्य का 0.8 प्रतिशत पंजीयन फीस प्रभार्य है। अनुबंध के द्वारा कब्जा देने पर सम्पत्ति के बाजार मूल्य या सौदा मूल्य, जो भी अधिक हो का हस्तांतरण पत्र अनुसार 5 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क तथा 0.8 प्रतिशत पंजीयन फीस प्रभार्य है। अनुबंध पत्र पर उपरोक्तानुसार चुकाई गई स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन फीस का समायोजन रजिस्ट्री कराने पर हो जाता है।